वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 113 | रविवार 17 अगस्त 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर



# "रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन ने 'तिरंगिणी-रंग ए आजादी' में वीरांगनाओं का किया सम्मान"

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वतंत्रता दिवस के गौरवमयी अवसर पर देशभक्ति, संस्कृति और कृतज्ञता का अद्भुत संगम रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा आयोजित समारोह देखने को मिला। ''तिरंगिणी-रंग ए आजादी'' शीर्षक से आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल आजादी के जज्बे को जीवंत किया बल्कि समाज की वीरांगनाओं, सैनिकों और कलाकारों के प्रति सम्मान की अनूठी मिसाल भी पेश की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में ''तिरंगिणी-रंग ए आजादी'' कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल और कार्यक्रम चेयरमैन अमित अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 450 लोगों ने भाग लिया। क्लब सचिव आशीष बैद ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत वृक्षारोपण से की गई, जिसमें स्वतंत्रता के 79वें वर्ष की प्रतीकात्मकता के रूप में यूनिवर्सिटी परिसर में 79 पौधे लगाए गए। ध्वजारोहण के उपरांत विश्वविद्यालय परिसर में परेड का आयोजन किया गया। इवेंट सलाहकार मुकेश मिश्रा ने बताया कि इस अवसर पर 79वीं वर्षगांठ को समर्पित करते हुए 79 की आकृति में मानव श्रृंखला बनाई गई और आकाश में तिरंगे रंगों के गुब्बारे छोड़े गए। ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना श्रीमती मनीषा गोलयानी एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत भारतीय शास्त्रीय नृत्य से हुई। कार्यक्रम के को-चेयरमैन मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 11 वीरांगनाओं को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। इसके अतिरिक्त, भारतीय वायुसेना, जयपुर शाखा के प्रमुख विनय भारद्वाज का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया। क्लब के कोषाध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि कार्यक्रम में वीर रस के प्रसिद्ध कवि अब्दुल गौरी ने ओजपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि देश के प्रसिद्ध गायक रवीन्द्र उपाध्याय और आर्यन शर्मा द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिस पर क्लब सदस्यों और अतिथियों ने पूरे उत्साह से नृत्य किया। कार्यक्रम का इवेंट मैनेजमेंट IIEMR द्वारा किया गया।





# एम्बीशन किडस एकेडेमी में ऑपरेशन सिंदूर व कृष्ण लीलाओं की सजीव झांकी की हुई भव्य प्रस्तुति







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रताप नगर श्योपुर रोड स्थित एम्बीशन किडस एकेडेमी में सजीव झांकियों का मंचन किया गया, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की झांकी प्रमुख थी । इसके पहले हिस्से में पहलगाम हमला दर्शाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की एक आपात बैठक का दृश्य दिखाया गया। जिसमें रक्षा मंत्री , गृहमंत्री, तीनों सेना प्रमुख व अन्य अधिकारी गण शामिल हुए तथा बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा हुई । इसके बाद अगले दृश्य में ऑपरेशन सिंदूर के तहत 70 से अधिक आतंकवादियों को उनके ठिकानों पर मार गिराया गया और आतंकियों के प्रशिक्षण शिविर ध्वस्त कर दिए गए। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह संदेश दिया कि सीमा पार आतंकवाद का एक संतुलित ओर दृढ़ जवाब दिया जाएगा। सजीव झांकी के दूसरे चरण में कृष्ण की विभिन्न लीलाएँ नन्हें मुन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। इसमें प्रथम दृश्य में कृष्ण यमुनातट पर स्थित गौकुल गांव का दृश्य दिखाया गया जिसमें कृष्ण की विभिन्न बाल्यकाल लीलाओं को दर्शाया गया है। इसमें एक ओर कान्हा विभिन्न गोपियों संग रासलीला



कर रहे थे तो वहीं दूसरी ओर गोकुलधाम के दृश्य में माता यशोदा माखन बिलो रही थी ।वहीं ग्वाले तथा कान्हा साथियों के संग खेल रहे थे ।यशोदा मां नन्दबाबा के साथ कृष्ण को पालने में झूला रही थी। कान्हाजी का माखन चुराना, गाय चराना, वासुदेव द्वारा बालक श्री कृष्ण को यमुना पार करने के लिए शेषनाग द्वारा छत्र बनाकर उनकी रक्षा करना , मीरा की भक्ति आदि झांकियों का सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया।झांकी के एक अन्य दृश्य में गीता सार का भी संदेश दिया, जिसमे अर्जुन को उनके क्षत्रीय धर्म का पालन करने और युद्ध करने के लिए प्रोत्साहित किया और साथ ही फल की इच्छा किए बिना कर्म करने की शिक्षा दी। सजीव झांकियो की श्रृंखला में भीष्म पितामह की बाण की शैय्या के मंचन ने दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कक्षा चतुर्थ के छात्र शिवांश साहू द्वारा भीष्म शैय्या पर लगातार चार घंटे तक एक ही मुद्रा में बाण शैय्या पर लेटे रहने के दृश्य को देखकर आश्चर्यचकित कर दिया। इससे पूर्व सजीव झांकियों का उद्घाटन प्रमुख समाजसेवी बीमाघर के संस्थापक रमेश संगीता जी सोगानी के द्वारा किया गया। एवम् बच्चों को पुरुस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।इससे पश्चात संस्था के चेयरमेन वरिष्ठ होम्योपेथ डॉ.एम. एल. जैन मणि, सचिव डॉ शांति जैन , शाबाश इंडिया के प्रमुख संपादक राकेश गोदीका, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर के अतिरिक्त



महासचिव राजेश बड़जात्या तथा प्रमुख समाजसेवी संदीप जैन ने झंडारोहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। संस्था प्राचार्या डॉ. अलका जैन ने बताया कि आज के दौर में भगवान कृष्ण के गीता उपदेश के जरिए बेहतर जीवन व्यवस्था के साथ विकास का उच्च सोपान प्राप्त किया जा सकता है। उपाचार्य श्रीमती अनीता जैन ने कृष्ण जन्माष्टमी का महत्व समझाया एवं इस अवसर पर सभी बच्चों का फोटो सेशन भी किया गया तथा उन्हें प्रसादी एवं उपहार भी वितरित किए। विशिष्ट अतिथि शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका तथा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के अतिरिक्त महासचिव राजेश बड़जात्या ने सभी झाकियों की बहुत प्रशंसा की तथा बच्चों द्वारा झाकियों में किए गए सजीव पार्ट को सरेस अंततः निदेशक डॉ मनीष जैन ने बच्चों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी तथा सभी अभिभावकों व आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धुलियान में स्वतन्त्रता दिवस समारोह आयोजित



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया।** श्री 1008 भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर धुलियान में अभिषेक- शांतिधारा- पूजा के बाद मंदिर प्रांगण में स्वतन्त्रता दिवस के उपलक्ष पर देशभक्ति संगीत के साथ झंडारोहण का कार्यक्रम हुआ। जिसमें सबने उत्साह पूर्वक भाग लिया। **प्रेषक : संजय बड़जात्या**

## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज दिनांक 15 अगस्त 2025 को लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झंडारोहण समारोह जयपुर सांगानेर स्थित एक राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, चेतन नगरी,मल की ढाणी, सांगानेर, जयपुर में मनाया गया।उक्त राजकीय स्कूल में लगभग 65 बच्चे सभी आर्थिक दृष्टि से कमजोर, व मजदूर वर्ग परिवारों से है।साथ ही स्कूल में आंगनबाड़ी भी है, जिसमे लगभग 20 बच्चे इसी वर्ग से है।किंतु आज इस कार्यक्रम में जब बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तो मन गदगद हो उठा,लगा कि बच्चों ने तन मन से मेहनत करके कार्यक्रम में धनुषीय रंग पिरोये है।उनकी कला को निखारने में निश्चित ही स्कूल के शिक्षकों का सहयोग है।ऐसे स्कूल व बच्चो के बीच लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की उपस्थिति गौरवपूर्ण व यादगार रही।क्लब सदस्याओं के वहाँ पहुंचने पर बच्चों व शिक्षिकाओं द्वारा सभी का तिलक व माला पहनाकर भारतीय परम्परा का निर्वाह किया, जिसे देखकर सभी अभिभूत हुए।कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ श्रीमती विद्या कुमारी मीणा, प्रधानाध्यापक, गिरधारी लाल जाट, रीना शर्मा, तुलसी कुमावत,तुलसी शर्मा व रेणु जी के साथ साथ स्कूल मैनजमेंट कमेटी मेंबर श्रीमान कन्हैयालाल कुमावत व अन्य अतिथि सदस्य उपस्थित थे।लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल की अध्यक्ष ला. सुजाता स्वर्ण कार, सचिव नीलम मित्तल,महादेवी आर्य,सुशीला छाबड़ा, रानी पाटनी, मंजू पूरी व राधा रानी मित्तल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।क्लब द्वारा बच्चों को लड्डू, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबड़, कुरकुरे, टॉफी, केले, आदि वितरित किये।स्कूल को 2 कैसरोल उनकी आवश्यकता पूर्ति के लिए दिए गए।बच्चों की कला से प्रभावित होकर ला. महादेवी आर्य द्वारा बच्चों को नकद राशि देकर पुरस्कृत करते हुए अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व के साथ साथ आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला, व बच्चों के उपस्थित अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया।शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया कि उनके कठिन परिश्रम से बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा।क्लब द्वारा सभी शिक्षकों का माला व गिफ्ट से सम्मान किया। सभी शिक्षक व अभिभावक स्पार्कल क्लब की उपस्थिति से अभिभूत हुए, व समय समय पर सहयोग की अपेक्षा जताई। क्लब अध्यक्ष द्वारा स्कूल व शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए, अपनी खुशी जाहिर की।

## वात्सल्य सेवा समिति ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**आगरा. शाबाश इंडिया**

वात्सल्य सेवा समिति, अवधपुरी के तत्वावधान में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोदला के अवधपुरी टोरंट पावर हाउस प्रांगण में संगीत के साथ राष्ट्रगान गाकर तिरंगा फहराया गया। अमर शहीदों के बलिदान को याद किया जिनकी वजह से हम सब स्वतंत्र भारत में सांस ले पा रहे हैं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविंद्र जैन ब्रश वाले एवं मुकेश जैन भगत उपस्थित रहे। वात्सल्य सेवा समिति की अध्यक्ष रश्मि जैन ने अपने संबोधन में कहा कि जो आजादी हमें मिली है उसे हम सुरक्षित रखें एवं अक्षुण्ण रखें।यही अमर शहीदों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। साथ ही निजी स्वार्थ से ऊपर उठे सांप्रदायिकता से बचें जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में सोचें एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वाह करें इस अवसर पर अवधपुरी चौराहे पर केले का वितरण भी किया गयाइस मौके पर अजय जैन,राजीव जैन नरेंद्र जैन विवेक जैन,प्रकाश मंगवानी,आनंद शर्मा,आगम जैन,अतिशय जैन,रश्मि जैन,उपासना जैन,कविता जैन,पुष्पा जैन,रिंकी जैन,रतिभा जैन,रागिनी जैन,सुनीता जैन,ममता जैन,अनीता शर्मा,मोना जैन,सोनू जैन समस्त आदि लोग उपस्थिति रहे।

## वेद ज्ञान

# हमें मुक्ति नहीं चाहिए

मुक्ति के संबंध में लोगों के मन में बहुत अधिक भ्रांति समाई है। भक्ति का विषय आते ही धार्मिक विषय की चर्चा करने वाले लोगों का कथन होता है कि अरे हमें मुक्ति से क्या काम। मुक्ति हो जाने से तो हम परमात्मा में ऐसे विलीन हो जाएंगे जैसे पानी की बूंद समुद्र के अथाह जल में विलीन होकर अपना अस्तित्व समाप्त कर देती है। फिर उसका कुछ अता-पता नहीं चलता। इसलिए हमें मुक्ति नहीं चाहिए। हम तो बार-बार इस संसार में आना चाहते हैं। संसार में आकर हमें तो सिर्फ भगवान की भक्ति करने से ही मतलब है। इसी प्रकार की धारणा रखने वाले सत्य को नहीं जानते। परमात्मा की भक्ति करने के लिए मुक्ति को जानना व समझना नितांत आवश्यक है। मुक्ति को समझ लेने के बाद ही सच्ची भक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होती है। इसे इस प्रकार समझना होगा जैसे कोई आपके दोनों हाथों को रस्सी से बांध दे और फिर आपके सामने स्वादिष्ट भोजन की थाली लाकर आपसे कहे कि लो थाली में रखा भोजन कर लो तो आप तुरंत कह उठोगे कि भाई पहले हमारे दोनों हाथों को तो खोल दो, तभी थाली में रखा भोजन किया जा सकेगा अर्थात बंधन में अभीष्ट की प्राप्ति करना संभव नहीं है। हम यहां लोगों को बंदीगृह में जाते हुए देखते हैं। बंदीगृह में गया हुआ व्यक्ति बेचैन होकर छटपटाने लगता है। वह अपने निकटवर्ती लोगों से आग्रह करने लगता है कि हमें इस बंदीगृह से शीघ्र छुटकारा दिलवाओ। बंदीगृह से छूटने के बाद ही वह चैन की सांस ले पाता है और अपने नियत कार्यों को कर पाता है। ठीक इसी प्रकार आप इस काल के बंदीगृह में आकर अदृश्य बंधन में बंध गए हैं। जगत में फंसकर यहां भांति-भांति की यातनाएं व कष्टों को सहन करने के लिए विवश हो रहे हो। इसलिए प्रथम हमें इस काल के जाल से मुक्ति प्राप्त करना परम आवश्यक है। मुक्ति के विषय को भलीभांति जान लेने के बाद ही भक्ति करना प्रारंभ किया जा सकता है। भक्ति और मुक्ति दोनों की प्राप्ति के लिए हमें ऐसे संत की खोज करनी पड़ेगी, जो पूर्णरूप से तत्वदर्शी हो।

## संपादकीय

# बदल रहे वैश्विक रिश्ते...

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार ऐसे समीकरण भी देखे जाते हैं, जिन्हें परिस्थितियों की उपज माना जाता है, लेकिन कई बार कुछ ताकतवर देशों की नाहक जिद की वजह से भी नए हालात बनते हैं। भारत और अमेरिका के बीच जरूरत की वस्तुओं का आयात-निर्यात न केवल आर्थिक मोर्चे पर परस्पर सहयोग का मजबूत आधार रहे हैं, बल्कि यह सामान्य संबंधों में भी सहजता के वाहक रहे। मगर इस बार राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप



ने आंतरिक मोर्चे पर कई विवादित फैसले लेने के साथ-साथ अन्य देशों से आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने की नीति अपना कर उन पर जैसी मनमानी नीतियां थोपने और उन्हें अपने मुताबिक संचालित करने की कोशिश की है, उससे नई समस्या पैदा हुई है। खासतौर पर भारत को निशाना बना कर अमेरिका ने जो एकतरफा तौर पर बेलगाम शुल्क थोपने की घोषणा की, उससे भारत के सामने नई परिस्थितियों से निपटने की चुनौती खड़ी हुई है। यह स्थिति तब है, जब हाल के वर्षों में भारत ने अमेरिका के साथ हर स्तर पर सहयोगात्मक रुख ही अपनाया। सवाल है कि अगर अमेरिका बेलगाम शुल्क लगाने की नीति के जरिए भारत के सामने जटिल स्थितियां पैदा करने की कोशिश जानबूझ कर नहीं कर रहा है तो इसके क्या कारण हैं कि वह वस्तुस्थिति और औचित्य की अनदेखी करके भारत पर दबाव बनाना चाहता है। यही नहीं, उसने रूस से तेल खरीदने के सवाल पर भारत पर जुर्माना लगाने तक की घोषणा की। मौजूदा दौर में बहुध्रुवीय होते विश्व में अगर भारत या कोई भी अन्य देश अपनी जरूरत के मुताबिक आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका की सुविधा से इतर कोई उपाय अपनाता है तो वह कैसे गलत हो सकता है। दिलचस्प है कि अमेरिका ने भारत पर शुक्ल थोपने को लेकर जिस तरह का रवैया अपनाया है, उसे सही ठहराने के लिए खुद उसके पास भी उचित तर्क नहीं हैं। यही वजह है कि उसके पास फिलहाल सिर्फ दबाव बनाने की भाषा है और उसी के तहत वह भारत को संचालित करने की मंशा रखता है। एक संप्रभु और लोकतांत्रिक देश होने के नाते स्वाभाविक ही भारत ने दबाव के आगे कमजोर पड़ने के बजाय इसका विकल्प निकालने की कोशिश शुरू कर दी है। दरअसल, नई चुनौतियों से निपटने की कोशिश के तहत ही भारत ने रूस और चीन के साथ उच्चस्तरीय वार्ता की राह अपनाई है। इस क्रम में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर अगले हफ्ते अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोह के साथ महत्त्वपूर्ण बातचीत के लिए मास्को जाएंगे, तो दूसरी ओर चीन के विदेश मंत्री वांग यी अगले हफ्ते भारत की यात्रा पर आएंगे। संभावना यह भी जताई जा रही है कि इस वर्ष के अंत में रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की भारत यात्रा के विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इसके अलावा, 'ब्रिक्स' की नीतियों को पहले ही एक मजबूत मोचेबंदी की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा था। अब एक बार फिर उसके मुखर होने की उम्मीद जताई जा रही है। जाहिर है, भारत पर दबाव के बरक्स नए समीकरणों की संभावना अमेरिका के लिए शायद चिंता की बात होगी।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# पीएम मोदी का संदेश

इस स्वतंत्रता दिवस पर देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश के सामने मौजूदा चुनौतियों से निपटने या उनका सामना करने को लेकर कुछ लक्षित बातें कीं, उनमें संदेश बिल्कुल साफ हैं। इस बार के अपने भाषण में उन्होंने भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करने के बजाय मुख्य रूप से उन मुद्दों पर जोर दिया, जो वर्तमान समय में देश को प्रभावित कर रहे हैं या चुनौतियों के रूप में खड़े हैं। इनमें एक ओर आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका की तरफ से घोषित शुल्क नीति के भारत पर पड़ने वाले प्रभाव और उससे पार पाने के लिए जरूरी विकल्प खड़े करने की अपनी राह चुनने की बात थी तो दूसरी ओर पाकिस्तान के संरक्षण में पलते आतंकवाद का सामना करते हुए आपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मन देशों को ठोस जवाब देने के उदाहरण सहित परोक्ष रूप से एक चेतावनी भी कि अगर किसी देश ने भारत के खिलाफ नाहक दुस्साहस किया तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रधानमंत्री ने सुदर्शन चक्र नामक राष्ट्रीय सुरक्षा कवच तैयार करके आने वाले दस वर्षों में देश की सुरक्षा को विस्तार देने, सुदृढ़ीकरण और आधुनिकीकरण करने का भरोसा जताया। जाहिर है, पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद प्रतिक्रिया में भारत ने जिस तरह आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां चलाने वाले आतंकवादी संगठनों को सबक सिखाया, उस परिप्रेक्ष्य में आने वाले वक्त में भारत के सामने जैसी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में उसके लिए मोचेबंदी को लेकर एक संकेत दिया। इसी तरह, अमेरिका ने शुल्क लगाने की नीति के जरिए दुनिया के सामने जैसी व्यापार युद्ध की स्थिति खड़ी की है और इसका भारत के ऊपर जो प्रभाव पड़ेगा, उसके मद्देनजर बिना किसी देश का नाम लिए उन्होंने व्यापार से लेकर रक्षा उत्पादन तक में आत्मनिर्भरता को मुख्य ताकत बनाने की बात कही। उनकी इस बात में छिपे संदेश को समझा जा सकता है कि हम स्वदेशी को मजबूरी में नहीं, मजबूती के साथ उपयोग करेंगे और जरूरत पड़ी तो दूसरों को भी मजबूर करने के लिए उपयोग करेंगे। यह हमारी ताकत होनी चाहिए। यह सच भी है कि अमेरिका के साथ भारत का आर्थिक या व्यापारिक संबंध परस्पर सहयोग पर आधारित है और एकतरफा शुल्क लगाने जैसा कोई भी नीतिगत फैसला अमेरिका को भी बुरी तरह प्रभावित कर सकता है। दूसरी ओर, उनके संबोधन में आंतरिक मोर्चे पर रोजगार से लेकर किसानों और युवाओं की समस्या तथा उन्हें संरक्षण देने का संकल्प भी दिखा। मसलन, उनकी घोषणाएं जमीन पर उतरीं, तो प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत पहली नौकरी पाने वाले युवाओं को पंद्रह हजार रुपए देने और आर्थिक सुधारों के तहत कई तरह के करों में कमी करने की पहल हो सकती है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने जिस तरह किसानों, मछुआरों, पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करने का एलान किया, सिंधु जल समझौते को एकतरफा और अन्यायपूर्ण बताया, उससे साफ है कि अब वे कृषि क्षेत्र में भी नई जमीन तैयार करने और उसे मजबूत करने की बात कर रहे हैं। इसके साथ-साथ अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने से लेकर लड़ाकू विमानों के इंजन देश में ही बनाने जैसी घोषणाओं को भी आत्मनिर्भरता का संदेश माना जा रहा है।







टिया व प्ररित



गर्वित जैन

# आयुर्वेद मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ पीयूष त्रिवेदी सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

79 वाँ स्वतन्त्रता दिवस समारोह में डॉ पीयूष त्रिवेदी आयुर्वेद मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ शासन सचिवालय को उपमुख्यमंत्री महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। राजस्थान सचिवालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष कजोड़ मीणा ने बताया कि हमारे संगठन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में आज डॉ पीयूष त्रिवेदी को स्लिप डिस्क रोग का बिना दवाई उपचार कर प्रदेश के लोगों की चिकित्सा प्रदान करने एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदेश उपमुख्य मंत्री डॉ प्रेम चन्द बैरवा द्वारा यह सम्मान दिया गया है।

# रोटरी क्लब ने स्वतंत्रता दिवस मनाया




**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

रोटरी क्लब ने देश की स्वतंत्रता का पर्व बड़े ही गरिमामय समारोह पूर्वक मनाया साथ में इनर व्हील क्लब की सदस्याओं ने भी सहभागिता की। रोटरी भवन में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रध्वज फहराया गया। रोटरी अध्यक्ष अजीत जैन ने ध्वज को सलामी दी। सभी सदस्यों ने राष्ट्रगान गाया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ रोटेरियन रोशन कोहली ने स्वतंत्रता के समय विभाजन की पीड़ा को अपने परिवार के ऊपर जो त्रासदी आई थी उसे व्यक्त किया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। सहायक प्रांत पाल अमित गोईल ने देश की प्रगति में रोटरी के योगदान तथा अंतरराष्ट्रीय रोटरी क्लब के गठन पर प्रकाश डालते हुए सभी से राष्ट्र सेवा करने का आव्हान किया । सुधीर गुप्ता ने देश के सैनिकों को नमन करते हुए राष्ट्र प्रेम से भरी कविता का पाठ किया।नीलू सेठ ने समाजसेवा में इनरव्हील के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. राकेश जैन बी.डी. गुप्ता, सुभाष जैन कैंची बीड़ी ,राजेश सेठ ,विजय चौधरी, नितिन कांसल,अश्विनी अग्रवाल, माधोसिंह रघुवंशी,धीरेंद्र रघुवंशी,वरुण सेठ,गुड्डु गुप्ता सहित अन्य रोटरी एवं इनर व्हील सदस्याएँ उपस्थित थी।

# पद्मावती जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय जौहरी बाजार में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पद्मावती जैन उच्च माध्यमिक विद्यालय घी वालो का रास्ता जोहरी बाजार जयपुर में 79वे स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह में झंडा रोहण प्रमुख समाजसेवी पदमचंद संघी द्वारा किया गया। समारोह में महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी , मुकुल कटारिया, कमल बाबू जैन, स्कूल के संयोजक राजेंद्र बिलाला, विद्यालय शिक्षक गण व बच्चे उपस्थित रहें।

## आचार्य ज्ञान सागर सेवा मंच, सीकर ने मनाया स्वतंत्र दिवस



**सीकर. शाबाश इंडिया**

सीकर जैन समाज की संस्था आचार्य ज्ञान सागर सेवा मंच,सीकर के सानिध्य में शहर के कल्याण जी के मंदिर के समीप स्थित राजकीय सर माधव प्राथमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया ।प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में वहां अध्ययनरत 200 छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस का वितरण किया गया ।मंच की तरफ से इस कार्यक्रम के मुख्य पुण्यार्जक जैन समाज के भामाशाह एवं जैन स्कूल ट्रस्ट मंडल के ट्रस्टी परिवार श्रीमती प्रेम देवी बज मातेश्वरी मनोज सीमा बज रहें ।आयोजन में मंच के सदस्यों के साथ विद्यालय से जुड़े अन्य गणमान्य अतिथि रामलीला मैदान सांस्कृतिक मंडल से जुड़े जगदीश चौकड़िका एवं राजपूत सभा अध्यक्ष रामसिंह भी सम्मिलित थे । सभी बच्चो को नवीन स्कूल ड्रेस पहनने को मिली , उनके चेहरे पे जो खुशी देखी गयी, उसको शब्दो में बयान करना मुश्किल है ।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां थी ।इससे पूर्व समस्त अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रगान गाया गया। मंच संचालन संजय बड़जात्या द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विकास लुहाड़िया , मंत्री राजेश मानजिका, कोषाध्यक्ष मोहित काला, नरेश छाबड़ा , मनोज लुहाड़िया, अमित पिराका, दिलीप सेठी, कमल पहाड़िया, राकेश पहाड़िया, मनीष रारा शरद जैन उपस्थित रहे।

## अकादमी संकुल में पौधारोपण एवं तिरंगा रैली निकाली





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप कीर्ति द्वारा सेवा सप्ताह के अन्तर्गत स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अकादमी संकुल में आज पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रुप परामर्शक एवं संयोजक रमेश पाटनी, अध्यक्ष अतुल-प्रियंका पाटोदी, संस्थापक अध्यक्ष राजकुमार जैन, सचिव अपूर्व-रुचि जैन, संयुक्त सचिव भाग्येश जैन, कार्यकारिणी सदस्य रजनीश-विभा अजमेरा, नितिन सेठ, एवं जैन धर्म प्रचारक समाजसेवी विमल पाटनी जौंला सहित कई सदस्य उपस्थित थे।इस दौरान ग्रुप सदस्यों द्वारा अमरुद, नींबू, एवं मोगरा आदि के पौधों का पौधारोपण किया गया। इस दौरान स्वाधीनता दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली भी निकाली गई।




# स्वतंत्रता दिवस पर्व महोत्सव के रूप में मनाया

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**



इंदौर। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, इंदौर रीजन, दिगंबर जैन समाज (सामाजिक संसद), इंदौर एवं महावीर ट्रस्ट, मध्य प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 79वें स्वतंत्रा दिवस पर्व के उपलक्ष्य में महावीर कीर्ति स्तंभ, रीगल चौराहा, इंदौर पर आजादी महोत्सव जोर शोर एवं देश प्रेम एवं पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ तीनों संस्थाओ ने मनाया। फेडरेशन के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू एवं रीजन अधक्ष प्रदीप चौधरी ने कहा कि बड़ी संख्या में राष्ट्र प्रेमियों की शानदार उपस्थिति में फेडरेशन की राष्ट्रीय शिरोमणि संरक्षिका श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, आर.के.जैन रानेका, राजकुमार पाटोदी, मनोहर झांझरी एवं अमित कासलीवाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। बाहुबली पांड्या, सुशील पांड्या राकेश विनायका, एम. के. जैन, विमल अजमेरा, कमलेश कासलीवाल, वितुल अजमेरा प्रदीप गंगवाल आदि ने राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत संबोधन दिए एव सामूहिक राष्ट्र गान किया गया। प्रारंभ में मंगलाचरण श्रीमती मंजु अजमेरा, मीना झांझरी एवं नीना चौधरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भुपेंद्र जैन राजेंद्र सोनी, आशीष जैन सुतवाला, मुकेश बाकलीवाल, अतुल गोईल, हेंसल पहाड़िया, कमल अग्रवाल, संजय अहिंसा चंद्रेश जैन आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन रीजन अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन रीजन सचिव संजय पापड़ीवाल एवं रीजन कोषाध्यक्ष अतुल गोइल ने माना।

## जवाहर नगर जैन संघ में स्वतंत्रता दिवस पर भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वतंत्रता दिवस पर परम पूज्य साध्वी श्री मधु स्मिता जी महाराज साहब आदि ढाणा पांच के निश्रा में ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ। महाराज साहब ने बताया की इंडिपेंडेंस डे में 15 अक्षर होते हैं और हर अक्षर का मनुष्य जीवन में बड़ा ही महत्व है, उन्होंने ए से लेकर वाई तक के शब्दों का अर्थ समझाया। जीवन में जो अपने अहम का त्याग कर सादगी पूर्ण जीवन जीता है, वह अपने जीवन को सफल बना लेता है। हर मनुष्य के मन में अपने देश के प्रति आस्था एवं भक्ति होनी चाहिए। भारतवर्ष विश्व में एक महान देश है। हिंदू धर्म के जो सिद्धांत है उसे सारी दुनिया मानती है। झंडा रोहण का कार्यक्रम बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न हुआ। संघ अध्यक्ष उम्मेद मुसल, उपाध्यक्ष विनोद सचेती एवं मंत्री नितिन दुगड़ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी। तेरापंथ संघ के पदाधिकारियो ने इस कार्यक्रम में भाग ले कर समारोह को भव्य बना दिया। श्रावक-श्राविकाओं ने सलामी देकर झंडारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न किया। राष्ट्रीय गान गाकर सभी ने भारत माता की जय के नारे लगाए। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नीलम मेहता ने एवं रेखा लोढ़ा ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

## एडवोकेट निहाल चन्द सोगानी का जन्मदिवस नवाकर ग्रुप ने हर्षौल्लास से पूर्वक मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप नवकार के संरक्षक, प्रमुख समाज सेवी एडवोकेट निहाल चन्द सोगानी का जन्मदिन 15 अगस्त 2025 को नवकार ग्रुप के सदस्यों द्वारा उत्साह पूर्वक मनाया गया। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने बताया कि एडवोकेट सोगानी का सम्मान महावीर बाकलीवाल, सुरेश जैन बांदीकुई, कैलाश चन्द सेठी, राजेन्द्र कुमार बाकलीवाल, अजीत जैन, कौशल्या जैन, प्रेमलता सेठी, चंद्र कांता छाबड़ा एवं अन्य गणमान्य सदस्यों द्वारा साफा, दुप्टा, शाल एवं मालाएं पहना कर किया। कार्यक्रम के अंत में ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# कोटा थर्मल में हर्षोल्लास से मनाया गया आजादी का पर्व

## प्रशासन के अलावा श्रमिक संगठनों ने भी किया ध्वजारोहण



आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया

**कोटा।** कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। थर्मल प्रशासन के साथ ही श्रमिक संगठनों के कार्यालयों पर भी ध्वजारोहण किये गये। कोटा थर्मल में मुख्य अभियंता श्रीमती संगीता श्रृंगी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया उनके साथ सीआईएसएफ के उप कमांडेंट श्री राम सुख भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने हेतु सीआईएसएफ की 02 प्लाटून द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया। समारोह में पावर प्लांट के सभी अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक एवं सीआईएसएफ के जवान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। केटीपीएस के कर्मचारियों और सीआईएसएफ स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने देशभक्ति का वातावरण और भी प्रबल किया। कार्यक्रम के अंत में रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीआईएसएफ और केटीपीएस कर्मचारियों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। हिन्द मजदूर सभा से संबंद्ध थर्मल ठेकेदार वर्कर्स यूनियन के थर्मल गेट स्थित कार्यालय पर भी स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया । समारोह में एच एम एस के प्रदेश सचिव एवं थर्मल ठेकेदार वर्कर्स यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कोटा थर्मल के ठेका श्रमिकों ने देशभक्ति के साथ इस राष्ट्रीय पर्व में भाग लिया। यूनियन अध्यक्ष आजाद शेरवानी ने अपने उदबोधन में उपस्थित लोगों को आजादी के महत्व को समझाया और आजादी पर निछावर होने वाले वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने देश की रक्षा के लिये वफादार बनने और देशहित के लिये कार्य करने की प्रेरणा दी । कार्यक्रम में आजाद शेरवानी, बद्रीलाल शर्मा, महावीर शर्मा, नन्दकिशोर महावर, भगतसिंह शक्तावत, शिवकुमार शर्मा, बिरधीलाल नागर, जगदीश मेहरा, पदम जांगिड, राजेन्द्र बुनकर, ब्रजेश नामा, राजेन्द्र प्रजापत, पप्पू खान, अनिल मेहरा, मोहन मेघवाल, प्रताप सिंह, शोभाराम, संजय सैनी, बृजमोहन महावर, रामस्वरूप, बृजमोहन मेघवाल, रामगोपाल,शफीक मोहम्मद, सुरेश कुमार इत्यादि पदाधिकारी एवं अनेक सदस्य उपस्थित रहे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**

shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com


# भारत के महान वैज्ञानिक विक्रम साराभाई जैन को नमन

**विजय कुमार जैन राघौगढ़ म.प्र.**



प्रसिद्ध वैज्ञानिक विक्रम साराभाई

भारत माता के महान सपूत जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में देश का नाम ऊंचा किया ऐसे विक्रम अंबालाल साराभाई जैन का 12 अगस्त 1912 को जन्म हुआ था। जन्म दिवस के अवसर पर हम उन्हें स्मरण कर रहे हैं। डॉ विक्रम साराभाई के नाम को अंतरिक्ष कार्यक्रम से अलग नहीं किया जा सकता यह बात दुनिया को पता है की वह विक्रम साराभाई ही थे, जिन्होंने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाया।आपका जन्म अहमदाबाद में श्री अंबालाल साराभाई के प्रतिष्ठित जैन परिवार में हुआ था।आपकी माता जी श्रीमती सरला साराभाई थी। आपकी माता सरला साराभाई ने प्रारंभिक शिक्षा मैडम मारिया मांटेसरी की तरह शुरू हुए पारिवारिक स्कूल में दिलाई।गुजरात कॉलेज में इंटरमीडिएट तक विज्ञान की शिक्षा पूरी करने के बाद वे सन 1937 में कैंब्रिज इंग्लैंड चले गए, जहां 1940 में प्रणमाकृतिक विज्ञान में ट्रायपोज डिग्री प्राप्त की। द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने पर वे भारत लौट आए और बेंगलूरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान में नौकरी करने लगे।जहां पर वह सी. वी. रमन के निरीक्षण में कॉस्मिक रेंज पर अनुसंधान करने लगे। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति पर वे कॉस्मिक रेज भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में अपनी डॉक्ट्रेट पूरी करने के लिए कैंब्रिज लौट गए। सन् 1947 में उष्णकटिबंधीय अक्षांश ट्रॉपीकल लैटीट्यूड्स मैं कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ. विक्रम साराभाई को भारत के महान संस्थान निर्माता माना जाता है। उनके द्वारा स्थापित लोकप्रिय संस्थानों में प्रमुख हैं भौतिकी अनुसंधान प्रयोगशाला पीआरएल अहमदाबाद, भारतीय प्रबंध संस्थान आई आई एम अहमदाबाद, सामुदायिक विज्ञान केंद्र अहमदाबाद,दर्पण अकादमी फॉर परफॉमिंग आर्ट्स अहमदाबाद, विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र तिरुअनंतपुरम्, डॉ विक्रम साराभाई सांस्कृतिक गतिविधियों में भी गहरी रूचि रखते थे। वे संगीत, फोटोग्राफी, पुरातत्व, ललित कलाओं और अन्य अनेक क्षेत्रों से जुड़े रहे। डॉक्टर विक्रम साराभाई के व्यक्तित्व का सर्वाधिक उल्लेखनीय पहलू उनकी रुचि की सीमा और विस्तार तथा ऐसे तरीके थे, जिन्होंने अपने विचारों को संस्था में परिवर्तित किया। सृजनशील वैज्ञानिक, सफल और दूरदर्शी उद्योगपति, उच्च कोटि के प्रवर्तक, महान संस्थाओं के निमार्ता, अलग किस्म के शिक्षाविद, कला पारखी, सामाजिक परिवर्तन के ठेकेदार, अग्रणी प्रबंध प्रशिक्षक आदि ऐसी अनेक विशेषताएं उनके व्यक्तित्व में समाहित थी। उनकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह थी कि वे एक ऐसे उच्च कोटि के इंसान थे जिसके मन में दूसरों के प्रति असाधारण सहानुभूति थी, जो भी उनके संपर्क में आता उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रहता था। धर्मपत्नी श्रीमती मृणालिनी साराभाई के साथ मिलकर उन्होंने मंच कलाओं की सांस्कृतिक संस्था दर्पण का गठन किया। उनकी बेटी मल्लिका साराभाई बड़ी होकर भरतनाट्यम् और कुचिपुड़ी की प्रसिद्ध नृत्यांगना बनी। डॉक्टर होमी जे भाभा की जनवरी 1966 में मृत्यु के बाद डॉक्टर साराभाई को परमाणु ऊर्जा आयोग का अध्यक्ष बनाया गया। साराभाई ने सामाजिक और आर्थिक विकास की विभिन्न गतिविधियों के लिए अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छुपी हुई व्यापक क्षमताओं को पहचान लिया था।इन गतिविधियों में संचार, मौसम विज्ञान संबंधी भविष्यवाणी और प्राकृतिक संसाधनों के लिए अन्वेषण आदि सम्मिलित हैं।भारत के महान वैज्ञानिक बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर विक्रम साराभाई का 30 दिसंबर 1971 को कोवलम्, तिरुअनंतपुरम्-केरल में आसामयिक स्वर्गवास हो गया।इस महान वैज्ञानिक के सम्मान में तिरुअनंतपुर में स्थापित थुंबा एक्वेटोरियल रॉकेट लॉन्चिंग स्टेशन टी आर एल एस और संबंधी अंतरिक्ष संस्थाओं का नाम बदलकर विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र कर दिया गया। यह केंद्र एक प्रमुख भारतीय अंतरिक्ष केंद्र के रूप में उभरा है।सन 1974 में सिडनी स्थित अंतर्राष्ट्रीय खगोल विज्ञान संघ ने निर्णय लिया कि सीआफ सेरेनिटी पर स्थित बेसल नामक मून क्रेटर अब साराभाई क्रेटर के नाम से जाना जाएगा। डॉ विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक माना जाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को भारतवासी हमेशा याद रखेंगे।उनका जीवन एवं अनुसंधान कार्य आज की युवा पीढ़ी के लिए निश्चित ही प्रेरणादायक है जन्मदिन पर हम डॉक्टर विक्रम साराभाई को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं



**नोट-लेखक स्थायी अधिमान्य स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक है।**


**प्रेषकः-विजय कुमार जैन पत्रकार राघौगढ़ जिला गुना म.प्र.पिन 473226**
**मोबाइलः-9425137456**
**ई मेल। :-vijayjainpatrakar@gmail.com**

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप: स्वस्तिक ने स्वतंत्रता दिवस मनाया






**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप स्वस्तिक ने जवाहर सर्किल पर स्वतंत्रता दिवस मनाया। अध्यक्ष सतीश बाकलीवाल और मधु बाकलीवाल ने तिरंगा झंडा फहराया। उसके बाद राष्ट्रगान हुआ। रंजना बोहरा, मधु बाकलीवाल, राजकुमारी अजमेरा, सविता जैन किरण जैन और अन्य साथियों ने देशभक्ति गाने गए। भारत माता की जय के नारे लगाए। निदेशक अशोक जी जैन, सचिव अजीत जी बड़जात्या, कोषाध्यक्ष राजकुमारी अजमेरा , अन्य पदाधिकारी, कार्यकारिणी के साथी और अन्य साथी सम्मिलित हुए। मधुर नाश्ते के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। **-सतीश बाकलीवाल**

# लिनेस क्लब जयपुर मैन ने स्वतंत्रता दिवस मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लिनेस क्लब जयपुर मैंन द्वारा 79वां स्वतंत्रता दिवस राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वरुण पथ, पर बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्ष रतन सोगानी ने बताया कि सर्वप्रथम झंडारोहण लिनेस अध्यक्षा रतन सोगानी एवं सुरेश रांवका द्वारा किया। गोरवमय उपस्थिति विधायक राम अवतार शर्मा, पार्षद पारस जैन , एसीपी विकास मुद्गल, अनंत जैन, राकेश छाबड़ा, . लिनेस क्लब की पीडीपी महादेवी आर्य रीजन चेयरपर्सन विजयलक्ष्मी कासलीवाल अन्य गणमान्य नागरिको की रही। प्रिंसिपल ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। स्कूल परिवार एवं सभी आगंतुकों के साथ में तिरंगा रैली निकाली गई जिसमें सभी तिरंगे में रंगे हुए तिरंगी टोपी पिन झंडा और फ्लेक्स के साथ एक साथ कदम ताल मिलाकर चलते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा था कि देश का भविष्य आगे बढ़ता जा रहा है बढ़ता जा रहा है और यह सभी बच्चे इस देश का भविष्य अपने हाथों में लेने को तैयार हैं। विधायक रामावतार शर्मा ,सुरेश रांवका, के के गुप्ता ली.रतन सोगानी, विजिया कोठारी द्वारा बच्चों को आशीर्वचन और स्वतंत्रता दिवस के बारे में बताया गया। क्लब अध्यक्षा द्वारा पुलिस अधिकारी एसीपी विकास मुद्गल का स्वागत पिन माल्यार्पण रक्षासूत्र से किया गया। पाठशाला परिवार द्वारा सभी लिनेस बहनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। लिनैस बहनों द्वारा प्रिंसिपल एवं पाठशाला परिवार का स्वागत किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रोचक सांस्कृतिक कार्यक्रम का देशभक्ति के गीतों एवं नृत्य के द्वारा किया गया।क्लब से ली. विजया कोठारी ने मथुर वाणी में देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। लिनेस क्लब सचिव बबिता जैन एवं उपस्थित सदस्यों द्वारा छात्र-छात्राओं को और सभी पार्टिसिपेंट्स बच्चों को उपहार देकर उत्साह वर्धन किया। क्लब द्वारा स्कूल को कुर्सिया व बच्चों के लिए स्टेशनरी भेंट की गई । क्लब अध्यक्षा रतन सोगानी पीडीपी महादेवी आर्य, आर सी विजय लक्ष्मी कासलीवाल, विजय कोठारी, बबिता जैन,ऊषा साबु ,मंजू पुरी, विजयलक्ष्मी शर्मा, लता सुरेखा, सभी सदस्यों की गौरवमय उपस्थिति रही।आज के कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों एवं सभी दर्शकों द्वारा तिरंगा रैली रही। ऊषा साबू ने सभी बच्चों को तिरंगी टोपी से सुशोभित किया।



# स्वतंत्रता दिवस पर गोपाल पुरा बायपास स्थित सोमानी हॉस्पिटल में ध्वजारोहण व रक्तदान शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सोमानी हॉस्पिटल में 15 अगस्त 2025 को 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण , स्टाफ व दान दाताओं का सम्मान समारोह व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र अग्रवाल ( वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ ) ने ध्वजारोहण किया, तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अतुल कसलीवाल ( वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ,ने रक्तदान शिविर की शुरूआत की।इस अवसर पर 65 यूनिट रक्तदान किया गया। हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. राजकुमारी सोमानी ने इस अवसर पर कहा कि रक्तदान सिर्फ एक दान ही नहीं, बल्कि यह किसी की साँसों की डोर थामने का संकल्प है। हम हर वर्ष 15 अगस्त पर यह शिविर इसी भावना के साथ आयोजित करते हैं कि आजादी का असली अर्थ तभी है जब हम एक-दूसरे के जीवन की रक्षा के लिए खड़े हों। समाज की सेवा भी देशभक्ति का एक माध्यम है। डॉ राजकुमारी ने बताया कि सोमानी हॉस्पिटल सिर्फ इलाज का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित एक संस्था है। हम आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के जनहितकारी आयोजन करते रहेंगे। जीवन प्रदाता कोष व दानदाताओ के सहयोग से निर्धन मरीजों को इलाज में सहायता भी दी जाती है। देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम व प्रेरणादायक संदेशों व अस्पताल में उत्कृष्ट सेवाओं के लिये डॉ सुधेंद्र शर्मा, डॉ माया राम मीणा सहित अन्य स्टाफ का भी सम्मान किया गया. सात वर्षीय रक्त कैंसर के मरीज ने झंडरोहण किया । लायंस क्लब टाइम स्क्वायर के सदस्यों ने भी रक्तदान किया। सोमानी हॉस्पिटल की यह पहल सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल बनी।

**-डॉ. राजकुमारी सोमानी निर्देशक, सोमानी हॉस्पिटल, जयपुर**

# जे एस जी गोल्ड द्वारा निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानव सेवार्थ गतिविधियों की श्रृंखला में जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड एवं पिंक स्टार हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निःशुल्क मल्टी स्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक पिंक स्टार हॉस्पिटल , माँग्यावास मानसरोवर एक्सटेंशन में हुआ। हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राजवेन्द्र सिंह चौधरी एवं शिविर के प्रेरक और जेएसजी गोल्ड के अध्यक्ष राजकुमार वैद ने बताया की चिकित्सा शिविर में न्यूरोसाइंस ( ब्रेन एवं स्पाइन विशेषज्ञ ) , हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट ने अपनी सेवाए प्रदान की । संस्था के सचिव मनीष चांदवाड़, गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोधा तथा निवर्तमान अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी ने बताया कि शिविर में सीबीसी, ईसीजी, बीपी, शुगर, हाइट, वेट की जांच निः शुल्क की गई, एवं अस्पताल की अन्य जांच जैसे एमआरआई, सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों पर 20% की विशेष छूट दी गई। इस कैंप में मांगयवास जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश चंद सोगानी और मंदिर जी से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य बड़ी संख्या में जांच के लिए आए। साथ ही जैन सोशल ग्रुप के फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष राकेश रेखा जैन, कमल संचेती, वर्तमान उपाध्यक्ष महेंद्र गिरधरवाल, अंतरराष्ट्रीय निदेशक संजय जैन, अजय जैन सहित रीजन चेयरमैन राजीव पाटनी, इलेक्ट चेयरमैन सुभाष बज, सचिव रविंद्र बिलाला तथा अन्य पदाधिकारी सुधीर गंगवाल, मनीष सोनी, सी एस जैन अतिथि स्वरूप उपस्थित रहे। जैन सोशल ग्रुप के विनीत चांदवाड़, भरत प्रतिभा जैन, नीलू गोधा, आरती जैन, सरिता दिनेश गोधा, निर्मल जीतेश जैन लुहाड़िया, अभिषेक गोधा, अरविंद ऊषा शाह, अमित अनीता जैन, दीपक दिव्या, सौरभ जैन, अक्षत पाटनी आदि ने मौजूद रहकर सारी व्यवस्थाओं को संभाला। गोल्ड अध्यक्ष राजकुमार बेद की अगुवाई में हुए इस बेहतरीन आयोजन के अंत में सेवा सप्ताह के समन्वयक सुरेंद्र पाटनी ने तथा गोल्ड सचिव मनीष चांदवाड़ ने सभी का आभार प्रकट किया।

**प्रेषकः**
**राजकुमार बैद-अध्यक्ष , जैन सोशल ग्रुप जयपुर गोल्ड**

# सम्मेद शिखरजी 1150 यात्रियों का दल रवाना

## पारसनाथ भगवान के जयकारों की गूंज



**टोंक. शाबाश इंडिया।** महातीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखरजी (झारखंड) के लिए श्री दिगंबर जैन नसिया से 1150यात्रियों का गुरुवार को प्रातः 9 बजे आदिनाथ भगवान के समक्ष अखंड ज्योति एवं आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज के ससंघ का आशीर्वाद, गाजे बाजे के साथ,पारसनाथ भगवान के जयकारों के साथ रवाना हुए इस मौके पर चातुर्मास व्यवस्था समिति के अध्यक्ष भागचंद फूलेता, कार्यकारी अध्यक्ष धर्मचंद दाखिया टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल, पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, बेनी प्रसाद जैन, मंत्री राजेश सर्राफ, मंत्री धर्मेंद्र पासरोटियां, विमलबरवास, रमेश काला, लालचंद फुलेता, ज्ञानचंद टोरडी, अंकुर पाटनी समाज के पदाधिकारी सभी यात्रियों को माला एवं तिलक लगाकर और पारसनाथ भगवान के जयकारों के साथ यात्रियों को रवाना किया मंगलमय एवं सकुशल यात्रा की शुभकामनाएं दी। जैन धर्म के अंदर सम्मेद शिखर को शाश्वत तीर्थ क्षेत्र कहा गया है। सभी तीर्थंकरों की इसको मोक्ष स्थली माना जाता है इस काल में इस पर्वत से 20 तीर्थंकरों ने मोक्ष प्राप्त किया है इस पर्वत पर भाव सहीत जाने पर व्यक्ति की दुर्गतियों से बचाव होता है हर जेनी का सपना होता है कि वह सम्मेद शिखर की वंदना अपने जीवन काल में अवश्य करें। टोंक गौरव यात्रा के संदीप देवली व सुनील आडरा ने बताया कि सभी पदमपुरा महाराज के दर्शन करते हुए मंगलमय आशीर्वाद लेते हुए जयपुर से ट्रेन के द्वारा सम्मेद शिखरजी इसरी पारसनाथ पहुंचेंगे ।संघ के सुनील बोरदा एवं हुकमचंद ने बताया कि सभी तीर्थयात्री एक साथ सामूहिक रूप से अगस्त 17 अगस्त को 27 किलोमीटर की सिद्ध भूमि सम्मेद शिखर जी की चरण वंदना करेंगे जहां पर पारसनाथ टोंक पर पूजा अर्चना होगी और वही विराजमान साधु-संतों चौके की व्यवस्था की जाएगी ।सभी यात्री 21 अगस्त को वापसी तो पहुंचेंगे।

# सिक्सम परिवार द्वारा जन्माष्टमी पर भव्य समारोह का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गोपालपुरा स्थित सिक्सम सेंटर पर जन्माष्टमी पर रंगारंग प्रोगाम प्रस्तुत किया इस अवसर पर उपस्थित लोगो नें जमकर तारीफ की कृष्ण व राधारानी को बधाई दी एवम् उपस्थित महिलायों ने डांस किया दी सेंटर की मालिक राखी मिश्रा नें बताया की सेंटर मे हर त्योहार इसी तरह मनाया जाता है जिसमे सेंटर का हर व्यक्ति अपनी सहभगिता भी निभाता है ।

# धर्म जागृति संस्थान ने कुचामन सिटी के संस्कारवान श्रेष्ठियों का किया सम्मान






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला, कार्याध्यक्ष अनिल जैन आई पी एस, संरक्षक ओम प्रकाश जैन काला एवं कोषाध्यक्ष पंकज जैन लुहाड़िया द्वारा एक कार्यक्रम में पंद्रह अगस्त को श्री जिनेश्वर दास जैन स्कूल कुचामन सिटी के अध्यक्ष कमल जैन पहाड़िया व मंत्री संतोष जैन पहाड़िया को ''सुसंस्कार संवर्धक'' सम्मान से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम मंदिरों के पदाधिकारियों सुभाष जैन, मनोज जैन व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन, मंगलाचरण व जैन वीर मंडल कुचामन सिटी द्वारा संस्थान के पदाधिकारियों के सम्मान से शुरू हुआ तथा पंकज जैन द्वारा धर्म जागृति संस्थान के कार्य व उद्देश्य बताए गए। प्रान्तीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने कुचामन सिटी व श्री जैन वीर मंडल से अपने लगाव तथा संस्कार वान समाज के निर्माण बाबत चर्चा करते हुए अपने विचार रखे तथा धर्म की प्रभावना कर रही श्राविका रीमा जैन सेठी, किरण जैन झाझरी व बरखा जैन पाटनी का ह्लमंत्रित यंत्रह्व भेंट कर सम्मान किया जिसमें निर्मला जैन ने सहयोग किया। धर्म जागृति संस्थान की कुचामन सिटी महिला शाखा की अध्यक्षा मेघा जैन पहाड़िया ,मंत्री कविता जैन बज तथा पुरुष शाखा के अध्यक्ष सोभाग जैन , मंत्री सुभाष जैन को ''देव शास्त्र गुरु भक्त'' सम्मान के साथ ही अनिल जैन आई पी एस ने पद निर्वाहन की शपथ दिलाई । मुनि सेवा संघ समिति जयपुर के मंत्री ओम प्रकाश जैन ने साधु संतों के जयपुर में चल रहे चातुर्मास के बारे में बताते हुए धर्म प्रभावना में संतों के महत्व को बताया । सभा में लाल चंद जैन , सुभाष जैन, अजीत जैन पहाड़िया, तेज कुमार , कैलाश चंद, सुरेश जैन गंगवाल, स्कूल के अशोक अजमेरा सहित उपस्थित श्रावकों द्वारा संस्थान के कार्यों की सराहना की गई । सभा के अंत में आचार्य वसुनंदी जी महामुनिराज द्वारा लिखित प्रसिद्ध प्राकृत ग्रंथ अशोक रोहिणी चारित्र की पाँच प्रतियाँ स्वाध्याय हेतु स्थानीय मंदिरों के शास्त्र भण्डार हेतु श्री जैन वीर मंडल के पदाधिकारियों को संस्थान द्वारा भेंट की गई ।



# आदर्श विद्या मंदिर सांगानेर में जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर नार्थ द्वारा ध्वजारोहण एवं वॉटर कूलर भेंट

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारत के उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर, सांगानेर में ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर नॉर्थ के अध्यक्ष पवन पाटनी, सचिव के.सी. जैन, उपाध्यक्ष अजीत जैन एवं संयुक्त सचिव श्रीमती अलका जैन ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीतों एवं नारों से पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। समारोह के दौरान जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर नॉर्थ ने विद्यालय को एक वॉटर कूलर भेंट किया ।इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और शिक्षा संस्थानों की उन्नति में योगदान देना ही सच्ची देशभक्ति है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पारिक एवं संगठन के संरक्षक श्याम सुंदर साहू ने इस सहयोग के लिए जैन इंजीनियर सोसायटी जयपुर नॉर्थ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योगदान विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी है।



# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोविन्द देव जी के किए दर्शन, प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की

## भगवान कृष्ण ने गीता में जो उपदेश दिए, वह आज भी हमारे जीवन को सार्थक बना रहे हैं....




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर सपत्नीक जयपुर के आराध्य देव गोविन्द देव जी मंदिर में दर्शन किए। शर्मा ने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं आमजन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भगवान कृष्ण ने गीता में जो उपदेश दिए, वह आज भी हमारे जीवन को सार्थक बना रहे हैं। हम सभी को भगवान कृष्ण के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने कर्म की प्रधानता का संदेश दिया था। इसे आत्मसात कर हम सभी को विकसित भारत, विकसित राजस्थान के लिए मिलकर कार्य करना होगा। इसके पश्चात शर्मा ने जयनिवास बाग में ही देवस्थान विभाग के राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के मंदिर लक्ष्मीनारायण जी में भी दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने गोविन्द देव जी मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं का अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहे।

